Shajhanpurpol

प्रेस नोट- सराहनीय कार्य दिनांक-23.03.2023

थाना खुदागंज पुलिस को मिली बडी कामयाबी

अंतर्राष्टीय बाजार मे करीब 84 लाख रुपये की 210 ग्राम स्मैक सहित तीन अन्तर्जनपदीय मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

श्री एस. आनन्द, पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में श्री संजीव कुमार वाजपेयी, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदय , श्रीमान वी0सी0 वीर सिंह क्षेत्राधिकारी तिलहर महोदय जनपद शाहजहाँपुर व श्रीमान प्रभारी निरीक्षक महोदय श्री पवन कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान तलाश वांछित/वारन्टी अपराधी व रोकथाम अवैध शराब/शस्त्र बिक्री-निर्माण तथा मादक पदार्थो की धर -पकड, चैकिग संदिग्ध व्यक्ति-वाहन/गश्त के दौरान आज दिनाँक 23.03.2023 को थाना खुदागंज पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

उ0नि0 विनीत कुमार मय हमराही का0 2611 सचिन कुमार, का0 61 दीपक कुमार , का0 2575 दुष्यन्त व का0 2783 सुनील कुमार के संदिग्ध व्यक्ति / वाहन चैकिंग हेतु क्षेत्र में मामूर थे कि कमलापुर पुलिया पर वाहन चैकिंग के दौरान 02 व्यक्तियो को अवैध 200 ग्राम स्कैम के साथ एक बारगी दबिश देकर आवश्यक बल प्रयोग कर मौके पर ही पकड लिया। पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछा तो पहले व्यक्ति ने अपना नाम रामौतार पुत्र छंगेलाल निवासी ग्राम फतेहपुर थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब वर्ष 30तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम डोरी लाल पुत्र दयाराम निवासी ग्राम सरैया साधो थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब वर्ष 28 व तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम हरिओम पुत्र लालाराम निवासी ग्राम गोहनिया चिडियाधरा थाना सुनगढी जनपद पीलीभीत उम्र करीब 24 वर्ष बताया । जिसके कब्जे से कुल 210 ग्राम फाईन क्वालिटि की स्मैक बरामद हुयी , जिसकी अन्तर्राष्टीय बाजार में करीब 84 लाख की कीमत है । बरामदगी के आधार पर नियमानुसार अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त को विधिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

➢ **विवरण पूछताछ**

अभियुक्त से पूछने पर बताया कि साहब ये स्मैक हम लोगो ने पैसा इकट्ठा करके रजत शर्मा नाम के व्यक्ति से जो अपने आप को शाहजहाँपुर का रहने वाला बता रहा था उससे शाहजहाँपुर हाइवे पर यह स्मैक खरीदी थी तथा हम लोग उसके पिता का नाम तथा वह कहा का रहने वाला है नही जानते है तथा न ही उसका मोबाइल नं0 जानते है । हम लोगो इस स्मैक को बरेली में अच्छे लाभ पर बेचने के उद्देश्य से जा रहे थे ।

➢ **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

.1 रामौतार पुत्र छंगेलाल निवासी ग्राम फतेहपुर थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब वर्ष 30
.2डोरी लाल पुत्र दयाराम निवासी ग्राम सरैया साधो थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीबवर्ष 28
.3हरिओम पुत्र लालाराम निवासी ग्राम गोहनिया चिडिया धरा थाना सुनगढी जनपद पीलीभीत उम्र करीबवर्ष 24

➢ **आपराधिक इतिहास –**

मु0अ0सं0 100/23 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर

बारमदगी का विवरण –

1. कुल 210 ग्राम स्मैक

➢ **गिरफ्तार करने वाली टीम -**

1. श्रीमान क्षेत्राधिकारी श्री वी0एस0 वीर कुमार जनपद शाहजहाँपुर, 5. का0 2611 सचिन थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर,
2. प्र0नि0 श्री पवन कुमार पाण्डेय थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर, 6. का0 2575 दुष्यन्त थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर,
3. उ0नि0 विनीत कुमार थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर, 4. का0 61 दीपक कुमार थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर
7. का0 2783 सुनील थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर,

सत्यमेव जयते
उत्तर प्रदेश पुलिस